शुक्रवार
10 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

भोजपुर में गोली लगने से युवा जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष की मौत 2

देश में मौत का दूसरा बड़ा कारण ब्रेन स्ट्रोक, हर साल 1.85 लाख हो रहे शिकार

एजेंसी/नई दिल्ली

देश में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति को ब्रेन स्ट्रोक आता है और हर चार मिनट में एक व्यक्ति दम तोड़ देता है। देश में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण ब्रेन स्ट्रोक है। यह कहना है अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली में न्यूरोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. एम.वी. पद्मा श्रीवास्तव का। सर गंगा राम अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्ट्रोक केयर और भारत में एक गरीब इलाको में स्ट्रोक संसाधनों की कमी विषय पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि भारत में हर साल करीब एक लाख 85 हजार ब्रेन स्ट्रोक के मामले सामने आते हैं। यह आंकड़ा हर 40 सेकंड में एक है और हर चार मिनट में एक व्यक्ति की मौत हो जाती है।

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) के अनुसार, भारत पर स्ट्रोक की 68.6 प्रतिशत घटनाओं के साथ स्ट्रोक का अधिकांश बोझ है, 70.9 प्रतिशत स्ट्रोक से मौत और 77.7 स्ट्रोक से विकलांगता होती है। ये आंकड़े भारत के लिए चिंताजनक हैं।

जीबीडी 2010 स्ट्रोक प्रोजेक्ट के अनुसार 52 लाख (31 प्रतिशत)

स्ट्रोक 20 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होते हैं। भारत में स्ट्रोक का बोझ अधिक है और युवा और मध्यम आयु वर्ग के लोगों के बीच सबसे अधिक है। इन आंकड़ों के बाद भी देश के दूरदराज क्षेत्रों में इसके उपचार की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। विशेष रूप से सरकारी अस्पतालों में देश भर में स्ट्रोक सेवाओं के कई पहलुओं में कमी है।

टेलीमेडिसिन अपनाकर कर सकते हैं स्ट्रोक केयर

प्रोफेसर पद्मा श्रीवास्तव ने कहा कि दूर-दराज क्षेत्रों में स्ट्रोक के इलाज में कमी को दूर करने का आसान तरीका तकनीक है। हम टेली स्ट्रोक व टेलीमेडिसिन को अपनाकर स्ट्रोक केयर कर सकते हैं। इसकी मदद से देश के दूर दराज व गरीब क्षेत्रों को जोड़ा जा सकता है। इस मौके पर इंस्टीट्यूट ऑफ एनेस्थिसियोलॉजी की चेयरपर्सन डॉ. जयश्री सूद ने कहा कि महिलाओं के लिए काम और जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

चुनौतियों को कम करने वाले अनुभवों पर चर्चा

प्रो. कुसुम वर्मा ने कहा कि पेशेवर चुनौतियों को कम करने वाले अपने अनुभवों पर बात की और पद्म भूषण डॉ नीलम कलेर, अध्यक्ष, नियोनेटोलॉजी विभाग ने कहा कि 'कभी ना न कहें' पर संबोधित किया। जिसकी मेजबानी प्रोफेसर एनके गांगुली, अध्यक्ष, रिसर्च विभाग, सर गंगा राम अस्पताल की अध्यक्षता में किया गया। इसमें अस्पताल की तीन प्रतिष्ठित महिला वक्ताओं ने भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संबोधित किया।

पटना के स्लम एरिया में लगी भीषण आग, 40 झोपड़ियां जलीं

पटना। राजधानी पटना के राजीव नगर स्थित नेपालीनगर में करीब 40 झोपड़ियों में गुरुवार की सुबह आग लग गई। आग की लपटों ने देखते-देखते विकराल रूप ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चला है। कुछ लोगों का कहना है कि सिलेंडर ब्लास्ट हुआ है तो वहीं कुछ लोग शॉर्ट सर्किट की बात कह रहे हैं। हालांकि पुष्टि नहीं की गई है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पुलिस भी पहुंची। स्थानीय कुछ लोगों ने कहा कि आग लगने के बाद करीब डेढ़ से दो घंटे के बाद जिला प्रशासन और अग्निशमन की गाड़ी पहुंची। इससे लोग उग्र हो गए। उग्र लोगों ने प्रशासन पर पत्थर भी चलाए। इधर इस मामले में मौके पर मौजूद एक पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि लगभग 40 झोपड़ियों में आग लगी थी। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने का काम कर रही है। कुछ लोग उग्र थे जिन्होंने पथराव किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी आती तो इतना नुकसान नहीं होता। लोगों ने कहा कि यहां करीब 200 या 250 लोग रहते हैं। आगजनी के बाद लोगों ने आशियाना-दीघा रोड पर राजीव नगर थाना के पास जमकर हंगामा भी किया।

ओबीसी आयोग ने 350 पन्नों की रिपोर्ट सीएम को सौंपी

संभावना: उत्तर प्रदेश में अप्रैल में हो सकते हैं निकाय चुनाव

एजेंसी/लखनऊ

यूपी निकाय चुनाव को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ओबीसी आयोग ने गुरुवार शाम को सीएम योगी आदित्यनाथ को 350 पेज की रिपोर्ट सौंप दी है। शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में रिपोर्ट पेश की जाएगी। यूपी सरकार इस सर्वे रिपोर्ट को आधार बनाकर नई आरक्षण सूची जारी करेगी। आरक्षण सूची के मुताबिक नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में सदस्यों और अध्यक्षों का चुनाव कराया जाएगा। जल्द ही चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जा सकता है। माना जा रहा है कि अप्रैल में निकाय चुनाव हो सकते हैं। आचार संहिता भी लागू हो सकती है।

दरअसल, 27 दिसंबर को हाईकोर्ट के आदेश से यूपी सरकार को झटका लगा था। कोर्ट ने राज्य सरकार की उस ओबीसी सूची को खारिज कर दिया था जिसके दम पर निकाय चुनाव करवाने की तैयारी थी। हाईकोर्ट ने साफ कहा था कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के नियमों का पालन नहीं किया और उसके बिना ही चुनाव की घोषणा की गई। तब कोर्ट ने सरकार को ये भी कहा था कि वो बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव करवा सकती है। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

सरकार ने किया ओबीसी आयोग का गठन : 28 दिसंबर 2022 को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले को सुप्रीम कोर्ट में मेंशन किया। उन्होंने कहा कि डीलिमिटेशन की प्रक्रिया चल रही है। सरकार ने ओबीसी आयोग का गठन कर दिया है। स्थानीय निकाय चुनाव अब आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही कराया जाएगा। इसके बाद रिटायर्ड जस्टिस राम अवतार सिंह को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। सदस्यों में चोब सिंह वर्मा, महेंद्र कुमार, संतोष विश्वकर्मा और ब्रजेश सोनी को शामिल किया गया। ये आयोग राज्यपाल की सहमति से छह महीने के लिए गठित किया गया था। आयोग को रिपोर्ट सबमिट करने के लिए छह महीने का समय दिया गया था।

तमाम नगर निकायों का कार्यकाल खत्म : हालांकि इस बीच लखनऊ नगर निगम, कानपुर नगर निगम समेत तमाम नगर निकायों का कार्यकाल खत्म हो गया। 2023 में होने वाले नगर निकाय चुनाव में 17 नगर निगम, 200 नगरपालिका परिषद और 517 नगर पंचायत में चुनाव कराया जाना है। जबकि 2017 में 16 नगर निगम, 198 नगर पालिका परिषद और 438 नगर पंचायत में चुनाव हुआ था। ऐसे में म्यूनिसिपल इलेक्शन को लेकर सरगर्मी फिर बढ़ती नजर आ रही है। सपा के रुख से ऐसी आशंका भी है कि कहीं आरक्षण सूची जारी होने के बाद ये मामला दोबारा अदालत न पहुंच जाए।

आयोग ने सौंपी सीएम को 350 पन्नों की रिपोर्ट : राजनीतिक गलियारों में खबर है कि अप्रैल महीने में ही योगी सरकार चुनाव करा सकती है। आपको बता दें कि भारतीय निर्वाचन आयोग की आदर्श चुनाव आचार संहिता एक नियमावली है। इसे चुनाव के पहले लागू किया जाता है। सभी राजनीतिक दलों को इसका पालन करना जरुरी होता है। चुनाव के दौरान इसके लागू होते ही कोई भी प्रत्याशी या दल प्रचार प्रसार नहीं कर सकता है।

31 मार्च तक लगेगा समय

31 दिसंबर को आयोग ने पहली कॉन्फ्रेंस की थी। आयोग के सदस्यों ने कहा था कि यह लंबा काम है और रिपोर्ट तैयार होने में 31 मार्च का समय लग सकता है। इस टीम ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए 75 जिलों का दौरा किया। हालांकि बीच में आयोग का यह बयान सामने आया था कि रिपोर्ट फरवरी के अंत तक तैयार हो जाएगी। आयोग ने अब सीएम योगी को रिपोर्ट दे दी है।

ट्रिपल टेस्ट कराने का आदेश

उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव पहले जनवरी में ही कराया जाना था। इसको लेकर नगर विकास विभाग ने अंतिम आरक्षण की सूची जारी कर दी थी। हालांकि इसके खिलाफ कई पक्ष हाईकोर्ट पहुंच गए। हाईकोर्ट ने रैपिड टेस्ट के आधार पर आरक्षण को सही न मानते हुए ट्रिपल टेस्ट कराने का आदेश राज्य सरकार को दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि बिना ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव हों। जबकि सरकार ने कहा कि आरक्षण लागू करने के बाद चुनाव कराएंगे।

अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक का निधन

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक का गुरुवार तड़के निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। 13 अप्रैल 1956 में हरियाणा के महेन्द्रगढ़ में सतीश कौशिक का जन्म हुआ था। दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से ग्रेजुएशन करने के बाद सतीश कौशिक ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में एडमिशन लिया था। 1983 में आई 'जाने भी दो यारों' फिल्म से उनके एक्टिंग करियर की शुरूआत हुई थी। सतीश कौशिक ने 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। साल 1993 में 'रूप की रानी, चोरों का राजा' से बतौर निर्देशक उन्होंने अपनी पारी शुरू की और इसके बाद एक दर्जन से अधिक फिल्मों का निर्देशन किया। सतीश कौशिक ने 7 मार्च को आखिरी ट्वीट किया था। होली पार्टी कर वह बेहद खुश थे और होली में शामिल लोगों को खास तौर पर टैग किया था।

तोप का गोला गिरने से तीन लोगों की मौत

गया। बिहार के गया में होली के दिन बड़ा हादसा हुआ है। जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र की बुमेर पंचायत के गुलरवेद गांव में आर्मी के फायरिंग रेंज से बुधवार की सुबह छोड़े गए तोप के गोले से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। तीन लोग घायल भी हुए हैं। डोभी प्रखंड में आर्मी का फायरिंग रेंज है जहां सेना के विभिन्न कंपनियों द्वारा तोप के गोले का प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया जाता है कि सेना के द्वारा फायरिंग रेंज में आने वाले सभी गांवों के बाहर बैरिकेडिंग नहीं किए जाने के कारण अक्सर तोप का गोला रेंज से हटकर गांव में जा गिरता है। पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। बाराचट्टी प्रखंड में अब तक दर्जनों ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। बुधवार की सुबह फायरिंग रेंज से छोड़ा गया तोप का गोला गांव में जा गिरा। गोले की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के कई गांव गूंज उठे।

बाबा विश्वनाथ के साथ 21 किग्रा गुलाब की पंखुड़ियों व 11 लीटर ठंडई से खेली होली

वाराणसी। वाराणसी में होली के शुभ अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर में फूलों की होली खेली गई। काशी विश्वनाथ मंदिर में सम्मानित न्यासीगण और सीईओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा के सहयोग से हर साल की तरह होली के शुभ अवसर पर काशी वासियों ने बाबा काशी विश्वनाथ और माता पार्वती संग 21 किलो गुलाब पंखुड़ियों से होली खेली। साथ ही समस्त काशीवासियों एवं वैदिक सनातनियों के कल्याणार्थ ज्ञात अज्ञात आपदाओं से समस्त काशी और विश्व की रक्षा हेतु विश्वनाथ दरबार में बाबा के प्रिय ऋतुफल, मिष्ठान, पुष्प दुग्ध, गंगा जल और ऋतु फल से निर्मित 11 लीटर संतरा ठंडई,11 लीटर अंगूर ठंडई, 21 लीटर बादाम ठंडई अर्पित की।

इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट के आधार पर गृह मंत्रालय ने लिया बड़ा फैसला

उपेंद्र कुशवाहा को केंद्र से मिली वाई प्लस सुरक्षा

केटी न्यूज/पटना

जेडीयू से इस्तीफा देकर उपेंद्र कुशवाहा ने नई पार्टी बनाई और वो अब आरएलजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। अब उपेंद्र कुशवाहा को केंद्र से वाई प्लस की सिक्योरिटी मिली है। एमएचए ने आईबी की रिपोर्ट के आधार पर सुरक्षा दी है। इसके पहले अभी हाल ही में विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी को भी वाई प्लस की सुरक्षा दी गई थी। जानकारी सामने आई है कि इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट के आधार पर गृह मंत्रालय ने यह फैसला लिया है। सुरक्षा को लेकर आईबी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी थी। इसी को देखते उन्हें + कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। इधर, चिराग

पासवान, मुकेश सहनी और अब उपेंद्र कुशवाहा को केंद्र से सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद सवाल उठने लगे हैं कि आखिर कहीं बीजेपी का कुछ प्लान तो नहीं है।

उपेंद्र कुशवाहा पहले भी नरेंद्र मोदी की सरकार में मंत्री रहे हैं और हाल ही में जेडीयू से नाता तोड़ा है। उपेंद्र कुशवाहा बड़े नेता हैं। उनकी पार्टी रह चुकी है। ऐसे में भारत सरकार को लगता है कि उनकी सुरक्षा में कोई खिलवाड़ न हो सके इसलिए यह फैसला लिया गया है। बिहार के कद्दावर नेता माने जाते हैं। एक खास वर्ग में पहचान है। आने वाले समय में लोकसभा और बिहार में 2025 में भी चुनाव होना है।

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कुछ दिन पहले लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान को जेड कैटेगरी की सुरक्षा दी थी। चिराग के साथ लगभग 22 सुरक्षाकर्मी बिहार में रहते हैं। हालांकि वाई सुरक्षा उन्हें पहले से मुहैया कराई गई है। जेड सुरक्षा सिर्फ बिहार में ही लागू है।

केंद्र की ओर से दी जाती है कई तरह की सुरक्षा : केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रावधानों के अनुसार वीवीआईपी और अन्य क्षेत्र के लोगों को कई अलग-अलग तरह की कैटेगरी की सुरक्षा दी जाती है। भारत में स्पेशल प्रोटक्शन ग्रुप की सुरक्षा सबसे बड़ी होती है। इसमें कम से कम 52 सुरक्षाकर्मी होते हैं। यह कैटेगरी सिर्फ प्रधानमंत्री को दी जाती है। इसके बाद अन्य वीआईपी के लिए चार X, Y, Y+, Z और Z+ सुरक्षा मिलती है। जेड प्लस की सुरक्षा वीवीआईपी को दी जाती है। इसके अलावा संभावित खतरे का अनुमान होने पर वीआईपी या बड़े नेताओं को जेड या वाई + सुरक्षा दी जाती है।

खबरें फटाफट

वाहन के ठोकर से किसान की मौत

आरा। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर हसनबाजार ओपी क्षेत्र के नारायणपुर स्थित रेलवे क्रासिंग के पास गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से पैदल जा रहे किसान की मौत हो गयी। मृत किसान हसन बाजार ओपी क्षेत्र के जमौढी गांव निवासी महावीर पासवान के 47 वर्षीय पुत्र राजेंद्र पासवान थे। एवं वह पेशे से किसान थे। उनके भतीजे राजू पासवान ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह पैदल ही गांव से बाजार जा रहे थे। उसी दौरान नारायणपुर गांव स्थित रेलवे क्रासिंग के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद वहां से गुजर रहे स्थानीय ग्रामीण द्वारा सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। किसान अपने दो भाई और दो बहनों में छोटे थे। उनके परिवार में मां झालो देवी, पत्नी संगीता देवी व पुत्र बधारी पासवान और गोधन पासवान है।

शौच करने जा रहा अधेड़ डूबा, मौत

आरा। जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी और धमनियां गांव के बीच बनास नदी में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गयी। मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनियां के शांतिनगर निवासी भुनेश्वर मुसहर के 50 वर्षीय पुत्र ललन मुसहर थे। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, अधेड़ के चचेरे भाई दिनेश राम ने बताया कि वह गुरुवार की अहले सुबह बनास नदी के पास शौच करने के लिए गए थे। पैर फिसलने के कारण वह बनास नदी में गिर गये और डूब गए। उस कारण उनकी मौत हो गई। बाद में गांव का ही एक युवक बनास नदी के किनारे शौच करने गया, तोउनके शव को बनास नदी में पड़ा देखा। उसने घटना की सूचना दी। बताया जा रहा है कि अधेड़ के परिवार में एक पुत्री सुरजी देवी है।

झगड़ा सुलझाने गये डायल 112 गाड़ी के चालक को बदमाशों ने मारी गोली

केटी न्यूज/आरा

- घटना का कारण स्पष्ट नहीं, जांच में जुटी पुलिस
- शुरूआती जांच में पैसे के लेनदेन में झगड़ा कर रहे लोगों ने की फायरिंग
- घटनास्थल से शराब की कुछ बोतल बरामद, नशे की हालत में पकड़े गए दो

जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज पहाड़ी डिपो के समीप मंगलवार की दोपहर झगड़ा सुलझाने गये डायल 112 गाड़ी के चालक को गोली मार दी गयी। गोली चालक के दाहिने जांघ में लगी है। उनका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज निवासी राम दर्शन प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र संजय प्रकाश हैं। वह रिटायर आर्मी मैन हैं और फिलहाल डायल 112 नंबर वाहन के चालक पद पर बहाल हैं। गोली मारे जाने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि पुलिस की शुरूआती जांच में पैसे के लेनदेन के विवाद आपस झगड़ा कर रहे लोगों द्वारा गोली चलाने की बात सामने आ रही है। इधर,सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार चालक अपने कुछ दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान दोस्तों में से किसी एक दोस्त द्वारा फायरिंग कर दी गयी। उसमें चाल को गोली लग गयी।

पुलिस घटना में शामिल लोगों की पहचान और धरपकड़ में जुटी है। घटनास्थल से पुलिस को शराब की कुछ बोतल मिली है। एक-दो लोग शराब के नशे में भी पकड़े गये हैं। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अबतक की जांच में यह बात सामने आयी है कि सैप के ड्राइवर संजय प्रकाश के मकान के बगल में एक और व्यक्ति मकान बन रहा है। उनका काट्रैक्टर और दो-तीन और परिचित खा -पी रहे थे।उसी में कुछ पैसे के लेनदेन को लेकर आपस में कहासुनी हो गयी। उसे लेकर ड्राइवर संजय प्रकाश उनलोगों को समझाने लगे। तभी उनमें एक किसी ने ड्राइवर के पैर में गोली मार दी। उन्होंने बताया कि जख्मी चालक के फर्दबयान के आधार पर घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शराब के नशे में पकड़े गए लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इस घटना में इन लोगों की इनकी संलिप्तता आने पर आपराधिक धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

मिट्टी भरने के दौरान आपस में झगड़ रहे थे लोग

इधर, जख्मी चालक संजय प्रकाश ने बताया कि उन्होंने कुछ दोस्तों के साथ गौसगंज पहाड़ी डिपो के पास गड्ढे में मिट्टी भरने का ठेका लिया है। मंगलवार दोपहर वह अपने दोस्तों के साथ मिट्टी भरवा रहे थे। उसी दौरान जिससे मिट्टी भरने का ठेका लिया है, उससे कुछ लोगों का झगड़ा हो गया।उसकी सूचना मिलने पर वह झगड़ा सुलझाने चले गये। तभी अचानक फायरिंग हो गयी और उन्हें गोली लग गयी। उन्होंने बताया कि कुछ समझ में नहीं आया क्या हुआ? यह भी नहीं पता चला कि किसने फायरिंग की। वहीं घटना की सूचना मिलने पर नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। इलाज कर रहे डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि गोली चालक के गोली दाहिने पैर में जांघ पर लगी है। गोली आर-पार हो गयी है। मरीज की स्थिति बिल्कुल स्टेबल है।

फॉरेंसिक टीम की ओर से भी की गयी घटना की पूरी जांच, छानबीन में जुटी पुलिस

भोजपुर में गोली लगने से युवा जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष की मौत, मौके से मिला पिस्टल

- बोले एसपी... शुरूआती जांच में खुद से गोली लगने से मौत की बात आ रही सामने

केटी न्यूज/आरा

जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार में मंगलवार की रात गोली लगने से जदयू नेता दीपक कुमार उर्फ भिखारी की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत दीपक कुमार मूल रूप से सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के कुरकुरी गांव निवासी कृष्णा सिंह के 22 वर्षीय पुत्र थे। वह फतेहपुर बाजार में अपना मकान बनाकर रहते थे। वह पूर्व में युवा जदयू के तरारी प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके कमरे में काफी खून बिखरा था। गोली लगने का कारण फिलहाल पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। उनका कोल्ड ड्रिंक पीने को लेकर किसी से विवाद होने की भी चर्चा है। वैसे पुलिस की शुरूआती जांच में जदयू नेता को खुद से गोली लगने की बात सामने आ रही है। इधर, जांच में जुटी पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल भी बरामद किया है।

एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में पुलिस घटना की तफ्तीश कर रही है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची और अपने स्तर से जांच की। जदयू नेता के भाई अभिषेक कुमार ने बताया कि मंगलवार को उसके भाई अपने घर में थे। वह पीरो गया था। रात में घर लौटा, तो देखा कि उसके भाई जमीन पर खून से पूरी तरह लथपथ होकर गिरे हैं। उसके बाद परिजनों के साथ उन्हें इलाज के लिए पहले पीरो स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद आरा ले जाया जा रहा था। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उसने अपने भाई की गांव में किसी से दुश्मनी या विवाद की जानकारी होने से इनकार किया है। इधर, सूचना मिलते ही एसडीपीओ के नेतृत्व में थानाध्यक्ष पवन कुमार सहित अन्य अफसर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी गयी। इधर, एसडीपीओ के अनुसार जांच के दौरान जदयू नेता के कमरे में खून फैला था। फर्श पर गोली के निशान भी पाये गये हैं। एक हथियार भी बरामद हुआ है। सभी प्रदर्शों को जब्त कर लिया गया है। फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है।

रोक-टोक में चली गोली से गयी जान

इधर, एसपी प्रमोद कुमार के अनुसार अबतक की जांच में चला कि मंगलवार की संध्या में एक व्यक्ति के साथ जदयू नेता का झगड़ा हुआ था। उस क्रम में संभवत वह अपने घर से हथियार लेकर निकलना चाह रहे थे। तब परिजनों की ओर से रोक-टोक की जा रही थी। उस दौरान गोली चल गई और उनके पांव में लग गयी। वहीं ज्यादा रक्तस्राव होने के कारण अस्पताल पहुंचने के क्रम में उनकी मृत्यु हो गयी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर तत्काल एसडीपीओ और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए। उसके बाद छानबीन शुरू की गयी। एफएसएल की टीम की जांच और मृतक के परिवार वालों एवं आसपास के लोगों से पूरी घटना की जांच की जा रही है। हर बिंदुओं पर जांच चल रही है। घटना में आगे जो भी साक्ष्य मिलेगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम ने लिए सैंपल

जदयू नेता की गोली लगने से मौत की जांच में जुटी पुलिस तकनीकी मदद भी ले रही है। उसे लेकर एसपी की पहल पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची थी। टीम द्वारा घटनास्थल से बारिकी से तफ्तीश की गयी। कमरे में बिखरे खून, हथियार सहित अन्य साक्ष्य एकत्रित किया गया। परिजनों सहित अन्य लोगों से जानकारी भी ली गयी। वहीं घटनास्थल से बरामद हथियार की भी जांच की जा रही है। फिंगर प्रिंट भी लिया जा रहा है।

कोल्ड ड्रिंक पीने को लेकर हुआ था विवाद

दीपक कुमार उर्फ भिखारी का कोल्ड ड्रिंक पीने को लेकर गांव में ही किसी से कुछ विवाद हुआ था। कहा जा रहा है कि दोनों के बीच काफी नोकझोंक भी हुई थी। उस दौरान बता देने की बात भी की गयी थी। एसडीपीओ ने बताया कि गांव में कोल्ड ड्रिंक पीने को लेकर जदयू नेता का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। हालांकि घटना पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। शुरूआती जांच में अपने से ही गोली लगने की बात सामने आ रही है।

एक नजर

बैंक कैशियर से लूट में अपराधी गिरफ्तार

आरा। भोजपुर के तरारी इलाके में बैंक कैशियर लूट के मामले में पुलिस द्वारा एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। वह तरारी थाना क्षेत्र के खेलड़िया गांव निवासी कुश कुमार है। उसके पास से लूटपाट में इस्तेमाल एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद किया गया है। वह एक कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ धनगाई, चरपोखरी और पीरो थानों में लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट के छह मामले दर्ज हैं। उसने पूछताछ में कैशियर से लूट में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि पिछले 22 फरवरी की सुबह तरारी थाना क्षेत्र के खेलड़िया गांव पुल के पास एक बैंक के कैशियर से हथियार के बल पर लूटपाट की गयी थी।अपराधियों द्वारा उनसे करीब 21 हजार रुपए नगद और एक मोबाइल छीन लिया गया था। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी को एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व टीम गठित की गयी। अपराधियों की पहचान के बाद छापेमारी के दौरान टीम द्वारा बुधवार की रात छापेमारी की जा रही थी। उस दौरान खेलड़िया पुल के पास तीन संदिग्ध पुलिस की गाड़ी देख भागने लगे। उसमें एक को खदेड़ कर पुलिस टीम ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उन उसके पास से एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद की गयी।

अजय देव कुशवाहा बने भाजपा के नए जिलाध्यक्ष

जहानाबाद। भाजपा के ज़िलाध्यक्ष बनने पर गुरुवार को अजय देव कुशवाहा को कार्यकताओं ने पुष्प गुच्छ देकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के नये ज़िलाध्यक्ष बनाने के लिए प्रदेश नेतृत्व को भाजपा नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अजय देव कुशवाहा पूर्व में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के ज़िला उपाध्यक्ष भाजपा के दो बार ज़िला महामंत्री, जिला सदस्यता प्रभारी, ज़िला उपाध्यक्ष जैसे दायित्वों को निर्वहन कर चुके है। बधाई देने वालो में बिहार विधान परिषद सदस्य सह राज्य भाषा समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष राधा मोहन शर्मा, निवर्तमान ज़िलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष कुमार अवधेश, पूनम सिन्हा, अजीत शर्मा धीरज कुमार, पूर्व ज़िला महामंत्री शैलेश कुमार, महेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, गोपाल कुमार, बाल किशन कुमार, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, विजय सिंह, सनी सिंह, राहुल कुमार, कृष्ण मुरारी उर्फ गुड्डू जी एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

पुलिस पर हमला कर ग्रामीणों ने दो को छुड़वाया

जहानाबाद। जिले में झगड़ा सुलझाने गयी पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने ईंट-पत्थर से हमला कर दो व्यक्तियों को पुलिस के चुंगल से छुड़ा लिया। इस पत्थरबाजी में 112 नंबर की पुलिस गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही, दो पुलिसकर्मी आंशिक रूप से घायल हो गए। घटना घोसी थाना क्षेत्र के घोसी बाजार की है। वही इस घटना से अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। बताया जाता है कि आपसी विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में झगड़ा कर थे। तभी किसी ने इसकी सूचना 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाना लाने का प्रयास करने लगी तभी ग्रामीणों ने ईंट पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में 112 नंबर की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं दो पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई है। घटना के बाद पुलिस को बैरंग वापस लौटना पड़ा। जिसकी सूचना वरीय पुलिस अधिकारियों को दी गयी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है। घटना के बाद घोसी बाजार में पुलिस गश्ती तेज कर दी गई है। आसपास के लोगों का कहना है कि दो लोग जो आपस में झगड़ा कर रहे थे। तभी किसी ने इसकी सूचना को दे दी थी। पुलिस ने पकड़ कर थाने लाने का प्रयास करने लगा। इस कारण ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया है। जिससे पुलिसकर्मी की हल्की चोट भी लगी है। पुलिस इस घटना में शामिल लोगों की पहचान में जुटी है।

शरारती तत्वों ने रेलवे कर्मी को पीट किया घायल

जहानाबाद। होली के दूसरे दिन बाइक सवार शरारती तत्वों ने रेलवे कर्मी और उनके भाई को पीट-पीटकर जख्मी कर दिया। गंभीर हालत में दोनो को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के गौरक्षणी स्थित देवी मंदिर के समीप की है। घायल व्यक्ति जितेंद्र कुमार यूपी में रेलवे में टीसी पद पर कार्यरत हैं और वो होली के छुट्टी के बाद गुरुवार की शाम अपने भाई रविन्द्र कुमार के साथ बाइक से स्टेशन जा रहे थे। तभी गौरक्षणी स्थित देवी मंदिर के पीछे बुलेट सवार शरारती तत्वों से उनकी भेंट हो गयी। शरारती तत्वों ने वेबजह दोनों भाइयो की बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ने बताया कि उनलोगों से न कोई जान पहचान है और न ही कोई मतलब। वे लोग बुलेट से आये और बोले कि तुम गली दिए हो यह कहकर मारपीट करने लगा। जिसमें मेरा भाई जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, उनका सिर फोड़ दिया। इधर घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गयी है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, 20 दिन पूर्व हुई थी शादी

आरा। जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र सरैया गांव में गुरुवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।

जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव वार्ड नंबर 6 निवासी दीनानाथ प्रसाद का 36 वर्षीय पुत्र अभय कुमार कुमार है। वह पेशे से मजदूर था एवं प्राइवेट काम करता था। इधर मृतक के परिजन बिट्टू प्रसाद ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह अपने गांव से सरैया गांव स्थित खेत में काम करने गए थे। जहां बिजली का कटा हुआ गुजर रहा था। खेत में काम करने के दौरान उनका हाथ उसी तार से स्पर्श कर गया। जिसके कारण वह करंट की चपेट में अगर बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजनों से आरा सदर अस्पताल ले आए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व एक बहन में पांचवें स्थान पर था। मृतक की शादी इसी वर्ष 15 फरवरी को हुई थी।

दो बाइक की टक्कर में भाई की मौत, पांच जख्मी

केटी न्यूज/आरा

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादवपुर और पिरौंटा गांव के बीच गुरुवार की दोपहर दो बाइक के बीच सीधी टक्कर हो गयी। उसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन और मौसेरे भाई समेत पांच लोग जख्मी हो गए। चार की स्थिति गंभीर बनी है, जिन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। एक अन्य घायल का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत युवक रोहतास जिला के नटवार थाना क्षेत्र के खैराही गांव निवासी स्व. वीरेंद्र राम का 18 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार था।

- मौसी के घर से ननिहाल लौट रहे थे भाई-बहन, तभी दूसरी बाइक से हो गयी भिडंत

घायलों में उसकी बहन रीता कुमारी, मौसेरा भाई और दूसरी बाइक पर सवार टाउन थाना क्षेत्र के भलुहीपुर निवासी ददन यादव का 19 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार, सुनील कुमार का 16 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार और घुटकुन यादव का 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार शामिल हैं। रौजा मोहल्ला निवासी पंकज के मामा गुड्डू कुमार ने बताया कि उनकी भांजी रीता कुमारी उन्हीं के घर रहती है। होली के अवसर पर पंकज भी उनके घर आया था। गुरुवार की सुबह पंकज अपनी बहन रीता के साथ मौसी के घर जगतपुर पकड़ी गांव घूमने गया था। गुरुवार की दोपहर वह अपनी बहन रीता कुमारी और मौसेरे भाई के साथ उनके घर लौट रहा था। उसी दौरान यादवपुर व पिरौटा गांव के बीच सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गयी। उसमें दोनों बाइक पर सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों और पुलिस द्वारा अजीत कुमार, अभिषेक कुमार और विवेक कुमार जबकि दूसरी बाइक सवार पंकज कुमार और उसकी बहन रीता कुमारी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारापंकज कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। बाद में अजीत कुमार, विवेक कुमार, अभिषेक कुमार और रीता कुमारी को पटना रेफर कर दिया गया। उसके बाद पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि पंकज कुमार युवक अपने तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां रिंकी देवी, भाई शिवम कुमार, दीपू कुमार और बहन रीता कुमारी है।

मिशन विकास परिवार के तहत स्थाई परिवार नियोजन पर दिया जाएगा बल

उपलब्धि: 17,603 दंपतियों ने अपनाये परिवार नियोजन के अस्थाई साधन

- पिछले 10 महीनों में 5,486 दंपतियों ने अपनाए स्थाई परिवार नियोजन के साधन

केटी न्यूज/सासाराम

सरकारी अस्पतालों में कई स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर कर लोगों को अधिक से सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ सरकार परिवार नियोजन के कार्यों पर भी विशेष बल दे रही है । जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर सरकार द्वारा लगातार अभियान चलाए जाते हैं। जिसमें लोगों को स्थाई एवं अस्थाई परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी देते हुए इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसी को लेकर इस वर्ष 5 मार्च से मिशन विकास परिवार की शुरूआत कर दी गई है। यह अभियान आगामी 25 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। मिशन परिवार विकास को लेकर रोहतास जिले में भी कई कदम उठाए जा रहे हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए पहले चरण में दंपत्ति संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों में जागरूकता लाने के लिए सही उम्र में शादी के बाद कम से कम 2 साल के बाद पहला बच्चा और 2 बच्चों में कम से कम 3 साल का अंतर तथा प्रसव के बाद या गर्भपात के बाद परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई संसाधनों को अपनाने के बारे में जानकारी दी जा रही है। दंपति संपर्क सप्ताह 5 मार्च से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगा। वहीं दूसरे चरण में 13 से 25 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही साथ पुरुष एवं महिलाओं के परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों को अपनाने पर बल दिया जाएगा।

स्थाई परिवार नियोजन को मिल रहा बढ़ावा : जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जागरूकता आ रही और लोग अस्थाई के साथ साथ स्थाई परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के लिए आगे आ रहे हैं। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल 2022 से लेकर 31 जनवरी 2023 तक रोहतास जिले में कुल 5,486 दंपतियों ने स्थाई परिवार नियोजन के साधनों को अपनाया। इसमें 5,270 महिलाओं ने बंध्याकरण के माध्यम से स्थाई परिवार नियोजन साधन को अपनाया तो वहीं 216 पुरुषों ने नसबंदी के माध्यम से स्थाई परिवार नियोजन के साधनों को अपनाया। अस्थाई साधनों की बात करें तो रोहतास जिले में 1 अप्रैल 2022 से लेकर 31 जनवरी 2023 तक 17,603 महिलाओं ने अस्थाई परिवार नियोजन साधनों को अपनाया।

महिला बंध्याकरण व पुरुष नसबंदी पर दिया जाएगा बल : जिला कार्यक्रम समन्वयक संजीव मधुकर ने बताया कि 5 से 25 मार्च तक मिशन परिवार विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। , इसके तहत लोगों को स्थाई एवं अस्थाई परिवार नियोजन साधनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। उसके बाद विभिन्न प्रखंडों में स्थाई परिवार नियोजन के तहत महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके लिए 10 मार्च को जिले के विभिन्न प्रखंडों में मिशन परिवार विकास जागरूकता रथ को रवाना किया जाएगा, जिसके माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन का संदेश दिया जाएगा।

खबरें फटाफट

अगलगी में तीन झोपड़ी जलकर राख

सिमरी। बड़का राजपुर गांव में बुधवार की रात अचानक हुई आगलगी की घटना में झोपड़ीनुमा तीन घर जलकर राख हो गए है। वहीं, इस घटना में दो मवेशी भी झुलस गए है। जबकि डेढ़ लाख से अधिक की संपति खाक हो गई है। हालांकि ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा उसे विकराल होने से बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में श्रीभगवान यादव, मुनी यादव व राममुनी यादव की झोपड़िया तथा उसमें रखे अनाज, कपड़ा, खाट, बिछावन समेत जरूरी सामान जलकर राख हो गए है। जबकि पीड़ितों की दो मवेशी भी झुलसी है। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ ने तत्काल राजस्व कर्मी को भेज क्षति का आंकलन कराया है। घटना के बाद से पीड़ित काफी मायूस है। सीओ ने कहा कि नियमानुसार पीड़ितों को मुआवजा दिया जाएगा।

संपन्न हुआ रंगों का त्योहार

केसठ। प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। ग्रामीण इलाकों में उत्साह का माहौल कायम रहा। होलिका दहन के बाद से ही रंग व अबीर का सिलसिला प्रारंभ हुआ। पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नावानगर थाना पुलिस व दंडाधिकारी के रूप में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तत्पर दिखे। होली में पुलिस प्रशासन द्वारा असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी गयी। क्षेत्र में डीजे बजाने पर पुरी तरह से रोक रही। साथ ही पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने में काफी सक्रिय दिखी। होली को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में उत्साह देखा गया। गायन मंडली द्वारा पारंपरिक होली गीत गाया गया। इस अवसर पर प्रत्येक घर में पुआ पकवान बनाया गया। लोग अपने भी खाए और अन्य लोगों को भी श्रद्धा भाव के साथ खिलाएं। पारंपरिक होली गायन काफी आकर्षक रहा।

हर्षोल्लास के साथ मनी होगी: युवाओं में दिखा उल्लास, देर रात तक चला जश्न

- छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण रही होली
- आकर्षण में रही युवाओं की कुर्ता फाड़ होली, मटका फोड़ होली का भी हुआ आयोजन

केटी न्यूज/बक्सर

रंगो का त्योहार होली जिले भर में हर्षोल्लास संपन्न हो गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ जिलेभर में शांति पूर्ण तथा सौहार्द भरे वातावरण में यह त्योहार मनाया गया। इस दौरान युवाओं तथा किशोरों में विशेष उत्साह देखा गया। सुबह से देर रात तक लोग होली के जश्न में डूबे रहे। सुबह में युवाओं की टोलियां सड़कों पर उतर एक दूसरे को रंग लगाती देखी गई। उत्साही युवाओं की टोलियां डीजे के धुन पर नाचते गाते हुए रंग खेल रहे थे। इस दौरान कुर्ता फाड़ होली तथा मटका होली आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शाम में लोग नए-नए कपड़े पहन एक दूसरे को गुलाल लगा होली की बधाई दे रहे थे। इस दौरान एक दूसरे के घर जा जाकर होली मिलन के साथ ही लोग पकवान का आनंद ले रहे थे। देर रात तक यह सिलसिला जारी रहा।

परंपरा पर हावी आधुनिकता: इस बार के होली में परंपरा के जगह आधुनिकता हावी रही। लोग पारंपरिक होली गीतों के बजाए बड़ी संख्या में डीजे की धुन पर थिरक रहे थे। हालांकि प्रशासन द्वारा डीजे पर रोक लगाई गई थी। लेकिन होली के हुड़दंग में प्रशासन के निदेर्शों का पालन नहीं हुआ। न सिर्फ शहरों बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग डीजे बजा होली गीतों पर पूरे दिन झूमते रहे। वहीं, कहीं कहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कर्णप्रिय पारंपरिक होली गीतों का आयोजन हुआ।

कई जगहों पर आयोजित हुई मटका फोड़ होली : जिले के बक्सर, डुमरांव, भोजपुर आदि कई जगहों पर उत्साही युवाओं की टोलियों द्वारा मटका फोड़ होली का आयोजन किया गया। ब्रज की इस मशहूर होली पिछले कई वर्षों से स्थानीय युवाओं द्वारा खेली जा रही है। इस बार भी यह परंपरा देखने को मिली। उंचाई पर बंधे मटके को फोड़ युवा काफी उत्साहित हो रहे थे।

रक्तरंजित हुआ ओझा बरांव: अपराधियों ने दो को मारी गोली, एक की मौत व दूसरे की हालत गंभीर

फिल्मी स्टाइल में कत्ल: पहले अबीर लगा लिया आशीर्वाद, फिर मारी गोली

केटी न्यूज/चौगाई

घटना के बाद रोते बिलखते परिजन

गांव में पूछताछ में जुटी पुलिस

- होली की शाम की है घटना, जमीन विवाद से जुड़े है घटना के तार

मुरार थाना क्षेत्र का ओझा बरांव गांव में होली का त्योहार रक्तरंजित हो गया। अपराधियों ने एक घर पर हमला बोल दो लोगों को गोली मार दी। जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। जख्मी तथा मृतक एक ही परिवार के है। घटना को अंजाम दे अपराधी आराम से भाग निकले। घटना बुधवार की शाम छह बजे की है। मृतक रामचंद्र यादव के 45 वर्षीय पुत्र ठाकुर यादव उम्र 45 वर्ष तथा जख्मी किशोर उनका भतीजा व बाउल यादव का 16 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। मिली जानकारी के अनुसार ठाकुर यादव को गोली मारने से पहले अपराधियों ने उनके पैर पर अबीर रख उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद झटके से अपने कमर से पिस्टल निकाल उन्हें दो गोली मार दी। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वही घटना स्थल पर मौजूद उनके भतीजे राहुल को भी एक गोली लगी है। प्राथमिक इलाज के बाद चिंताजनक स्थिति में उसे रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हालाकि घटना के 24 घंटे बाद भी इस मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराया जा सका है। हालांकि पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। माना जा रहा है कि अंतिम संस्कार के बाद ही परिजन एफआईआर दर्ज कराएंगे।

जमीन विवाद से जुड़े है तार : जानकारों की मानें तो हाल ही में ठाकुर यादव ने अपने घर के सामने स्थित छोटू ओझा के चार कट्ठे का भूखंड खरीदा था। जबकि दूसरे पक्ष की नजर भी इसी भूखंड पर लंबे समय से गड़ी हुई थी। इसी आक्रोश में दूसरे पक्ष के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक के पुत्र ऋषिकांत यादव ने बताया कि जिस जमीन को हमलोगों ने खरीदा है उस पर गांव के ही एक पक्ष की नजर थी। इसी के आक्रोश में इस घटना को अंजाम दिया गया है।

पलक झपकते ही मातम में बदल गया होली का उल्लास : इस घटना ने एक झटके में ही रंगो के त्योहार होली के उल्लास को मातम में बदल दिया। बता दें कि घटना के वक्त मृतक अपने दरवाजे पर बैठ होली मिलने आने वालों का स्वागत कर रहे थे। चारों ओर उल्लास का वातावरण था। हत्यारें भी इसी बहाने उनके दरवाजे पर आए थे। गोली चलने के बाद गांव में होली का उत्साह ठंडा पड़ गया। परिजनों के क्रंदन चित्कार से माहौल गमगीन हो गया था। लोग अपने घर को बंद कर लिए थे। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। घटना के बाद ओझा बरांव में गुटीय तनाव व्याप्त है।

> “ शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रथम दृष्टया यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा लगा रहा है। परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।
>
> **– रविकांत प्रसाद, थानाध्यक्ष, मुरार**

एक नजर

भोला सिंह बने बक्सर भाजपा के जिलाध्यक्ष, जिलेभर में कार्यकताओं ने जताई खुशी

नावानगर/केसठ। वरिष्ठ भाजपा नेता तथा नावानगर प्रखंड के भटौली पंचायत के मुखिया विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह को बक्सर भाजपा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उनका मनोनयन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने किया है। गुरूवार की सुबह भाजपा के प्रदेश कार्यालय द्वारा जिलाध्यक्षों की सूची जारी किए जाने के बाद से ही भाजपा कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। गुरुवार को कार्यकर्ता उनके घर जा उन्हें बधाई दिए है। सुबह से ही बधाई देने वाले पार्टी कार्यकताओं की तांता लगा रहा। साथ ही पार्टी कार्यकताओं ने उम्मीद जताया कि उनके नेतृत्व में जिला में पार्टी के संगठन और अधिक शक्तिशाली एवं प्रभावशाली बनेगा। वही नव चयनित जिलाध्यक्ष भोला सिंह ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व उनके कंधों पर सौंपा है उसे पूरा करने के लिए वे संकल्पित रहेंगे। उन्होंने कहा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए भाजपा को हर घर तक ले जाने का कार्य करेंगे। इधर मनोनीत भाजपा जिलाध्यक्ष को बधाई देने में पार्टी के नावानगर मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिय रंजन चौबे, विमलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष रवि शंकर सिंह केशव, प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह, निक्कू सिंह, रिंकू सिंह, महामंत्री हरिराम गुप्ता, इंद्रजीत बहादुर सिंह उर्फ चुन्नू सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की निवर्तमान जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी, विमलेश सिंह, अभिनंदन मिश्र समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। गौरतल है कि इस बार भाजपा द्वारा जिलाध्यक्षों का स्थानीय स्तर पर चुनाव नहीं कराया गया है। बल्कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा उनका मनोनयन किया गया है।

होली खेलने के विवाद में चली गोली, किशोरी जख्मी

नावानगर। सिकरौल थाना क्षेत्र के पनियारी टोला गांव में कुर्ता फाड़ होली खेलने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्ष में लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर चलने के साथ छह राउंड गोली भी चली। जिसमें एक किशोरी ममता कुमारी (14 वर्ष) के पैर में गोली लग गई है। परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया है। वहीं मारपीट में अक्षयलाल चौधरी समेत तीन लोग जख्मी हो गए हैं। इस संबंध में दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए चार-चार लोगों को नामजद कर एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्ष से बीरेंद्र चौधरी व धनजी यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार होली की शाम चौधरी टोला के लड़के डीजे पर डांस कर कुर्ता फाड़ होली खेल रहे थे। जिसका विरोध धनजी यादव के परिजनों ने किया। साथ ही डीजे बंद करने को कहा। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से नोकझोंक व गाली -गलौज के बाद विवाद समाप्त हो गया। पर देर रात एक पक्ष के द्वारा दूसरे गांव से कुछ लोगों को बुलाकर मारपीट की गई। इस दौरान लगभग छह राउंड फायरिंग की गई। जिसके बाद गांव में दहशत फैल गया। बगल में खड़ी एक किशोरी ममता कुमारी के पैर में गोली लग गई। बताया जाता है कि बीरेंद्र चौधरी के कंधे को भी गोली छूती हुई निकल गई। इस संबंध में पूछे जाने पर पुलिस ने बताया कि दोनों तरफ से चार-चार लोगों को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर होली का खर्च मांगने का आरोप लगाया है। दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मां बेटे को मारपीट कर किया जख्मी, केस दर्ज

नावानगर। स्थानीय थाना क्षेत्र के पूर्वी भरौली गांव में मामूली बात को लेकर दिव्यांग युवक एवं उनकी मां को पड़ोसी ने मारपीट कर जख्मी कर दिया है। इसको लेकर दिव्यांग अक्षय कुमार ने नावानगर थाना में पडोसी राजेश कुमार समेत पांच लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि उसकी मवेशी (भैंस) बीमार थी। जो अपने नाद के खुंटा पर बंधी थी। तभी पड़ोसी की मवेशी (भैंस) उसी रास्ते से जा रही थी। जो उनके मवेशी के पास आ धमकी। जिसे हटाने की बात कहने पर मारपीट करने लगे। यह देखकर बीच बचाव करने पहुंची दिव्यांग के मां जानकी देवी के साथ भी नामजद लोगों ने मारपीट किया है। जिससे दिव्यांग युवक एवं उनकी मां जानकी देवी जख्मी हो गई। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामला की जांच की जा रही है। दोषी पर कार्रवाई की जाएगी। वैसे संवाद संप्रेषण तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जिस कारण मां बेटे सहमें हुए है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी दबंग किस्म है तथा अक्सर उसे परेशान करते है।

सड़क किनारे मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/बक्सर

औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव के पास एनएच 922 पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। युवक के सिर पर पट्टी बंधी थी, एक हाथ में स्लाइन लगा था। युवक को कैथेटर भी लगाया गया है। उसकी उम्र 25-30 वर्ष के आस पास है तथा वह ब्लू रंग का टीशर्ट और जींस पहने हुए है।

आशंका जताई जा रही है कि वह कही इलाजरत होगा। राहगीरों की सूचना पर औद्योगिक थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी तस्वीर को आस पास के थानों में भेज पुलिस उसके पहचान का प्रयास कर रही है। दिलचस्प सवाल तो यह है कि युवक यदि बीमार था तो उसका शव लावारिश हालत में क्यों फेंका गया है। कही ऐसा तो नहीं कि साजिश के तहत उसकी हत्या कर शव को यहां लाकर फेंक दिया गया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तथा मृतक के शिनाख्त के बाद ही इन सब सवालों को जबाव मिल सकता है। फिलहाल पुलिस उसके पहचान में जुटी है। औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश चौधरी ने कहा कि शव को कब्जें में ले लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चकनी डीलर पर मनमानी व दुर्व्यवहार का मामला उजागर

सिमरी। प्रखंड के काजीपुर पंचायत अंतर्गत चकनी (खैरा) के डीलर बिनोद कुमार के खिलाफ उनके एक उपभोक्ता ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के पास परिवाद दाखिल किया है। जिसमें उपभोक्ता संजय बिंद ने आरोप लगाया है कि डीलर बिनोद चौधरी कम तौल देते है तथा पैसा अधिक लेते है। जिस पर शिकायत पर दुर्व्यवहार भी करते है। संजय ने आवेदन में लिखा है कि डीलर दबंग टाइप का आदमी है तथा शिकायत करने वालों के साथ अक्सर मारपीट करता है। इसके पहले भी डीलर के खिलाफ गांव के दीपक चौधरी ने अनुमंडल लोक शिकायत में परिवाद दाखिल किया था। जिसमें जांचोपरांत कार्रवाई के लिए एसडीओ डुमरांव को प्रतिवेदन दिया था। उस मामले में कोई कार्रवाई हुई नहीं हुई। जिसके बाद मामला अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी के पास पहुंचा।

वर्चस्व की जंग में भिड़े दो गांवों के लोग आधा दर्जन से अधिक जख्मी व दो धराए

केटी न्यूज/डुमरांव

- अंबिका सिंह के डेरा व नोनिया डेरा के ग्रामीणों के बीच हुआ मारपीट

डुमरांव थाना क्षेत्र के अंबिका सिंह के डेरा व नोनियाडेरा गांव के ग्रामीण बुधवार को एक मामूली बात पर आपस में भीड़ गए। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के कुल आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हुए है। पुलिस ने एक पक्ष के दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

इस संबंध में एक पक्ष नोनिया डेरा के महेन्द्र चौधरी ने अंबिका सिंह के डेरा गांव के महेश यादव, सुनील यादव, मनोज यादव, भुनेश्वर यादव, सत्येन्द्र यादव, इंद्रजीत यादव समेत अन्य लोगों पर लोहे के राड, रामी, लाठी डंडा आदि से मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष अंबिका सिंह के डेरा के मनोज कुमार सिंह ने पहले पक्ष के कन्हैया चौधरी, सत्येन्द्र चौधरी, हरेन्द्र चौधरी, मितरंजन चौधरी, जितेन्द्र चौधरी समेत कुल 14 नामजद व 20-30 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया है कि वह होली के दिन डुमरांव से लौट रहा था तो ये लोग पहले से ही नहर पर खड़े थे और मुझे देखते ही मारपीट करने लगे। इस दौरान बीच बचाव करने आए मेरे चाचा व चचेरे भाइयों को भी आरोपियों ने पीटा है। मनोज ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि ये सभी लोग शराब तस्करी से जुड़े है तथा अक्सर मारपीट करते है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलवक्त एक पक्ष के सुनील यादव व महेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना के बाद दोनों गांवों में तनाव व्याप्त है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां पूछताछ के बाद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

होली में काबिले तारीफ रही पुलिस की मुश्तैदी, अमन चैन से लोगों ने मनाया त्योहार

सभी चौक चौराहों पर मुश्तैद रही बक्सर पुलिस, निकाला फ्लैग मार्च

केटी न्यूज/बक्सर

- छिटपुट घटनाओं को छोड़ जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मना होली का त्योहार

होली के दौरान पुलिस प्रशासन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। इस बार जिला प्रशासन द्वारा जो मुश्तैदी दिखाई गई है वह काबिलेतारीफ रही। होली के दो दिन पहले से ही जिलेभर के सभी प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस के जवान मुश्तैद थे। डीएम अमन समीर व प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल के निर्देशन में पूर्व संध्या पर बक्सर तथा डुमरांव के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाल लोगों को जहां भयमुक्त माहौल में होली मनाने का संदेश दिया गया वही उपद्रवी तत्वों को भी साफ संदेश दिया गया कि होली के दौरान उपद्रव मचाने पर सलाखों के पीछे होली मनानी पड़ेगी।

इस दौरान बक्सर में जहां विधि व्यवस्था की कमान एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र व सदर एसडीपीओ गोरख राम के जिम्मे था तो डुमरांव में यह जिम्मेवारी एसडीओ कुमार पंकज व तेज तर्रार एएसपी राज ने बखूबी निभाई। वही जिलेभर के थानाध्यक्ष व सभी प्रखंडों के बीडीओ भी ग्रामीण क्षेत्रों में मुश्तैद थे। जिस कारण छिटपुट घटनाओं को छोड़ होली का त्योहार काफी शांतिपूर्ण गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान बूटो की धमक, हूटरों की आवाज तथा चौक चौराहों पर मौजूद पुलिस लोगों को भयमुक्त वातावरण प्रदान कर रही थी। यही कारण है कि आपसी विवादों को छोड़ जिलेभर में कही भी होली के हुडदंग में न तो कोई बड़ी घटना हुई और न ही शराबियों ने ही शराब के नशे में उत्पाद मचाया। पुलिसकर्मियों की भूमिका सबसे अधिक होली के दिन देखी गई।

इस दिन भी जिलेभर की पुलिस होली जैसे त्योहार को छोड़ अपने कर्तव्य पर डटी रही। यही कारण है कि कुल ढाई दर्जन से अधिक शराबियों, तस्करों तथा विभिन्न कांडो के आरोपियों को जेल भेजा गया जबकि बड़े पैमाने पर शराब भी बरामद हुई। इस कारण भी शराबियों तथा उपद्रव मचाने वालों में भय बना रहा। होली के पूर्व से ही पुलिस ने शराब तस्करों पर जो लगाम लगाई थी उसका असर होली के दिन भी देखने को मिला। जानकारों की मानें तो होली के दिन लोगों को शराब खोजे भी नहीं मिल रही थी। जिला प्रशासन की इस मुश्तैदी से होली जैसा त्योहार निर्विवाद गुजरा। होली शांतिपूर्ण गुजरने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।

खबरें फटाफट

आग में झुलसने से खाना बना रही महिला की मौत

बलिया। हल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्लाह टोला में गुरुवार की सुबह खाना बनाते समय आग लगने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। उधर परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मल्लाह टोला निवासी शांति देवी 45 पत्नी अनिल ठाकुर गुरुवार की सुबह अपने रसोई घर में चूल्हे पर खाना बना रही थी, तभी तेज हवा के झोंके के कारण उनके कपड़े में आग लग गई और वह गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में परिजन उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना के बाद परजिनों में कोहराम मच गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो जख्मी

बलिया। गड़वार थाना क्षेत्र के रतसर-खेजुरी मार्ग पर जिगनहरा नगर पंचायत मोड़ के पास दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गयी। जिसमें एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के छतरपुर निवासी सुरेश राजभर 26 वर्ष पुत्र शिवनारायन बाइक के रकसा की तरफ जा रहे थे। वहीं दूसरे बाइक पर सवार जिगनी चंवरी निवासी बृजेश गौतम पुत्र रमाशंकर व रागिनी पुत्री बंगाली राम रतसर की तरफ से आ रहे थे। वे जैसे ही जिगनहरा मोड़ के समीप पहुंचे कि दोनों बाइकों की सीधी टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में सुरेश राजभर एवं बृजेश गौतम बुरी तरह से घायल हो गया। वहीं उपचार के दौरान सुरेश राजभर की मौत हो गयी। वहीं दूसरे बाइक पर बब्लू गौतम पुत्र बंगराम राम बुरी तरह से घायल हो गया। सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धूमधाम से मनी होली: लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर दी बधाई

केटी न्यूज/गाजीपुर

पूरे देश में बुधवार को रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गया। जबकि भीमापार में होली का त्योहार दूसरे दिन वृहस्पतिवार को धूमधाम से मनाया गया। होली का परंपरागत त्योहार मान्यताओं के अनुसार एक दिन देर से वृहस्पतिवार को धूमधाम से मनाया गया। वृहस्पतिवार को सुबह से दोपहर तक जमकर रंग खेला गया। फिर स्नान कर लोगों ने एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। साथ ही एक दूसरे के घर जाकर गुझिया और अन्य लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा। लोग अलग अलग रंगों में रंगे हुए नजर आए। इस दौरान बाजार के दोनों तरफ पुलिसकर्मियों की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राहगीरों को आने-जाने

में दिक्कत न हो, इसके लिए पुलिस लगातार जुटी रही। युवाओं ने भीमापार में लोकगीत गाने के साथ ही कपड़ा फाड़, कीचड़, इंजन से निकले मोबिल आदि एक दूसरे पर फेंककर होली मनाई।

बाजार निवासी लालपरीखा पटवा, पिन्टू पटवा, विजय कुमार गुप्ता, साहब यादव, सोनू, मोनू, बजरंग, लालजी, सन्तोष यादव, प्रवेश यादव आदि ने एक दूसरे के साथ होली का जश्न मनाया। भीमापार में एक दिन देर से होली मनाने के पीछे कई जनश्रुतियां हैं। सदियों से मान्यता है कि होली के दिन ही भीमापार बाजार मे सदियों पहले गांव स्थित मंदिर पर एक सिद्ध सन्त रहा करते थे। होली के दिन हुडदंग मे लोगों ने उन्हें भी रंगों से सराबोर कर दिया। लोगों के इस कृत्य से सन्त क्रोधित हो गए और उन्होंने श्राप दे दिया। वहीं ये भी मान्यता है कि प्राचीन काल में भीमापार बाजार मे नाचने गाने वाली नर्तकियां रहती थीं। नर्तकियां अपने लोगों के साथ होली खेलने व फाग गाने के लिए दूसरे गांव मे जाकर लोगों का मनोरंजन किया करती थी। इसके चलते होली के दिन गांव सूना रह जाता और इसके एवज में अगले दिन सभी होली मनाते। तभी से ये परंपरा चली आ रही है। वहीं ये भी मान्यता है कि होली के दिन रंग खेलने से अनिष्ट होता था। कई लोगों ने इस प्रथा को बदलना चाहा लेकिन उनके घरों में किसी न किसी के साथ कोई घटना हो गई। जिसके बाद से ही लोग अगले दिन होली मनाते हैं।

पुलिस लाइन में खुल उड़े रंग अबीर डीएम-एसपी ने दी मातहतों को बधाई

गाजीपुर। पुलिस लाइन परिसर में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी रंगों में सरवोर दिखे। प्रतिवर्ष की भांति जनपद वासियों की होली सकुशल सम्पन्न होने के उपरांत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो-कर्मचारियो द्वारा होली मिलन समारोह किया गया।

आर्यका अखौरी जिलाधिकारी व ओमवीर सिंह पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपद के सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी होली कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सभी लोगों को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा अबीर-गुलाल,रंग लगाकर तथा मिष्ठान व गोझिया खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी गई तथा अपने अधीनस्थों के प्रति समानता व प्रेम की भावना की सभी के द्वारा सराहना की गई। उक्त कार्यक्रम के आयोजन से सभी कर्मियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जनपद में त्योहारों के सकुशल सम्पन्न होने पर जनपद वासियों के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि होली के दिन पुलिस प्रशासन लोगों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह मुस्तैद रहता है। इसलिए हम लोग होली का त्यौहार नहीं मना पाते। होली बीतने के बाद पुलिस लाइन में सामूहिक रूप से होली की खुशियां बांटी जाती है।

भोजपुरी स्टार निरहुआ के घर दलित युवकों ने जमकर काटा बवाल

केटी न्यूज/गाजीपुर

- युवकों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने व पीटने का सांसद के गुर्गों पर लगाया आरोप

जनपद के शादियाबाद थाना क्षेत्र के टड़वा गांव में आजमगढ़ से भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के घर पर होली के दिन जमकर बवाल हुआ। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। भीड़ इसके बाद आक्रोशित हो गई। आक्रोशित भीड़ ने घायल को बीच सड़क पर बैठाकर शादियाबाद-भितरी सैदपुर मार्ग जाम कर दिया। जिसके बाद आक्रोशित लोगों में से कुछ लोग निरहुआ के घर की दीवार तोड़ने की कोशिश करते रहे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण किया। जहां दलित युवकों ने भाजपा सांसद के गुर्गों पर उनको बेवजह जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने व मारने - पीटने का आरोप लगाया गया है।

घटना के बाद समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष रामधारी यादव के नेतृत्व में जखनियां विधानसभा अन्तर्गत टड़वां टप्पा सौरी गांव के दलित बस्ती में पहुंच कर आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के गुर्गों द्वारा जमकर बवाल कराने, मारने-पीटने तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने की घोर निन्दा की। अपमानित किए गये दलित समाज के लोगों से भेंट कर उनका पुरसा हाल लिया और घटना की विस्तृत जानकारी दी। जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने तत्काल हमलावरों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने इस सिलसिले में कल पुलिस अधीक्षक से भी मिलने का फैसला लिया। बता दें कि आठ मार्च को जब दलित बस्ती के युवा बाजार जा रहे थे। उसी वक्त सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के घर पर बैठे उनके प्रतिनिधि हरिकेश यादव, चिरागान यादव, यशनाथ यादव और अवनीष यादव आदि ने उन युवकों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें बेवजह मारने-पीटने का काम किया।

छिटपुट घटनाओं को छोड़ जिले में होली शांतिपूर्ण रही, अप्रिय घटना की सूचना नहीं

शहर से गांव तक धूमधाम से मनाई गई होली, जमकर उड़े अबीर-गुलाल

केटी न्यूज/बलिया

रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली बुधवार को पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। बुधवार को पूरे जिले में होली का त्योहार धूम धाम से मनाया गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ पूरे जिले में होली शांतिपूर्ण रहीं। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

जिले में होली की उमंग सोमवार से ही दिखने लगा था। मंगलवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। बुधवार की सुबह होते-होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो तीन-चार दिन पहले से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी। बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे। बुधवार की सुबह बारिश हो जाने के कारण मौसम में ठंडापन था, लेकिन यह ठंडापन बच्चों के उत्साह को रोकने में विफल रहा। यही हाल आमजनों का भी रहा। सुबह 10 बजे के बाद हर

- मतवालों की टोली ने राहगीरों को रंग से किया सराबोर

कोई होलियाना मूड में नजर रहा था। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धुन पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था।

मंत्री दयाशंकर सिंह ने कैंप कार्यालय में खेली होली : होली के मद्देनजर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के भृगु आश्रम के पास स्थित कैंप कार्यालय पर जमकर होली खेली गई। सुबह से ही मंत्री दयशंकर सिंह अपने कैंप कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ जमे रहे। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकताओं तथा समर्थकों को पहले जलपान कराया पिफर खुद भी रंगों में सराबोर हुए और दूसरों को भी रंग में सराबोर किए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू भी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसमें लोग आपसी भेदभाव को भूलाकर होली के रंग में रंग जाते हैं।

होली त्योहार पर सुरक्षा के रहे जबरदस्त इंतजाम : पर्व को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के जबरदस्त इंतजाम किया था। इसके कारण अराजकतत्व अपने-अपने घरों में दुबके रहे। शहर में जहां एसपी राजकरन नैय्यर व एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी मोर्चा संभाले हुए थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में थानावार दारोगा अपने दलबल के साथ पूरी तरह मुस्तैद दिख। सुबह के साथ-साथ शाम के वक्त पुलिस बल गश्त करते नजर आए।

मांस और मछली की हुई काफी बिक्री : होली पर्व के कारण मांस एवं मछली की बिक्री काफी मात्रा में हुई। सभी विक्रेताओं के यहां लोगों की भीड़ जुटी रही। इस कारण अन्य दिनों की अपेक्षा इसका मूल्य काफी तेज देखा गया। होली के समापन पर चैतावर गाकर चैत आगमन की सूचना भी देने का काम किया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। पूर, पकड़ी, पहराजपुर, एकइल, गढ़लपुर, बहेरी, खेजुरी, खड़सरा, जिगिरसड़, जगदरा, प्रसादपुर आदि गांवों में रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुरक्षा की दृष्टि से पकड़ी और खेजुरी पुलिस दिन भर चक्रमण करती रही।

हर्षोल्लास पूर्वक मनी होली : कस्बा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के दिन दोपहर तक लोग गीले रंगों से होली खेले और शाम को अबीर गुलाल से पर्व का आनंद लिया। लोग एक-दूसरे के आवास पर पहुंच कर होली की मुबारकबाद देते रहे। क्षेत्र के करनई, सोवईबांध, बोड़िया, सुल्तानपुर, कुम्हिया, खरहाटार, अपायल सहित अन्य गांवों में होली मनाई गई।

वधू को दी जाने वाली सामग्री में मिलावट न हो: जिलाधिकारी

केटी न्यूज/बलिया

डीएम रवीन्द्र कुमार ने पॉलिटेक्निक कॉलेज, बलिया में होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार सिंह को निर्देश दिया कि मंच और पार्किग की व्यवस्था अच्छे से देख ली जाए। वैवाहिक स्थल पर बैठने वाले वैवाहिक जोड़ों के लिए स्थान का चयन कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि विवाह पूरे रीति रिवाज से कराया जाए और किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। विवाह के दौरान जो भी सामान वधू को दिए जाने वाली सामग्री की खरीददारी के लिए सूची बनाई जाए और सामान गुणवत्तापूर्ण ही दिया जाए। उसमें किसी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए। मिलावट होने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही डीएम ने ईओ नगरपालिका सत्यप्रकाश सिंह को निर्देश दिया कि विवाह स्थल पर विवाह के दिन साफ-सफाई पेयजल और शौचालय की व्यवस्था कराई जाए।

मेडिकल कॉलेज समेत कई स्थल लिया जायजा : डीएम रवीन्द्र कुमार ने मेडिकल कॉलेज बनाए जाने के लिए जीआईसी स्थित मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आसपास बिल्डिंगों का भी निरीक्षण किया और सीआरओ अनिल अग्निहोत्री से जानकारी ली। वहां पर बहुत से पेड़ पौधे थे। जिस पर डीएम ने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनाते समय इन पेड़ पौधों को वहां से हटाना पड़ेगा जिसके लिए वन विभाग से भी परमिशन लेनी पड़ेगी। इसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल में स्थित एनआरसी का निरीक्षण किया।

युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

बलिया। फेफना थाना क्षेत्र के कर्ची नारायन पुर गांव में गुरुवार की सुबह गांव के ही बागीचे में एक युवक ने फांसी लगाकर कर अपना जीवनलीला समाप्त कर दिया। सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अत्यंत परिक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजवा दिया।

युवक ने फांसी क्यों लगाया यह स्पष्ट नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार सुबह बागीचे में पीरबाबा के पास कर्चीनरायन निवासी श्रीभगवान गुप्ता उर्फ डबल गुप्ता पुत्र जनार्दन गुप्ता पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर लिया।शौच के जा रहें ग्रामीणों की नजर पेड़ पर रस्सी के सहारे लटके श्रीभगवान गुप्ता उर्फ डबल पर पड़ी जिसकी सुचना परिवार वालों को दी गयी। देखते ही देखते लोगों कि भीड़ इकट्ठी हो गई। घटना की सुचना पुलिस को भी दी गयी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह शव को कब्जे में लेकर अत्यंत परिक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। आखिर श्रीभगवान गुप्ता उर्फ डबल हलुआई का कार्य करता था व अविवाहित था। किसी से झगड़ा आदि भी नहीं था। ऐसे में फांसी गला आत्महत्या करने का कोई कारण लोगों को समझ मे नहीं आ रहा है।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

बलिया। मनियर थाना क्षेत्र के रानीपुर भारत पेट्रोल पंप के पास दोपहर में दो बाइक के आमने सामने टक्कर में 2 लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर लाया गया। जिसमें एक को डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं एक को मृत घोषित कर दिया। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि मनियर थाना क्षेत्र के मनियर उत्तर टोला वार्ड नंबर 11 निवासी धर्मेन्द्र सिंह उर्फ सोनू मनियर की तरफ से बलिया की ओर बाइक से जा रहा था कि सामने से सतीश चंद्र 35 वर्ष पुत्र सरजू राम निवासी फिरोजपुर थाना खेजुरी बाइक से आ रहा था कि आमने-सामने बाइक में टक्कर हो गई जिसमें धर्मेंद्र कुमार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया वहीं सतीश चंद्र को जिला अस्पताल बलिया के लिए रेफर कर दिया गया।

वकीलों का विरोध जारी, फूंका केंद्र सरकार का पुतला

केटी न्यूज/बलिया

दी सिविल बार एसोसिएशन तथा क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन की संयुक्त आम सभा की बैठक क्रिमिनल बार के सभागार में गुरुवार को आयोजित की गई।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय के विरोध में गठित संघर्ष समिति आजमगढ़ के निदेर्शानुसार केंद्र सरकार का पुतला कलेक्ट्रेट परिसर में दहन किया। सरकार के पास भले ही संसाधनों की घोर कमी है, फिर भी लोगों को दिवास्वप्न दिखाने में जुटी हैं। जो सिर्फ जुमले

बाजी है। अगर वास्तव में सरकार कम करना चाहती है तो हर गांवों में ग्राम न्यायालय की स्थापना करे। लेकिन दिखावा करके हम अधिवक्ताओं को बांटने की कोशिश ना करें, अन्यथा उसे परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते ग्राम न्यायालय लागू करने का काम किया है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, जनपद न्यायालय में स्टेनों से लेकर पेशाकार, चपरासी तक मुकदमा व न्यायालय के सापेक्ष तैनात नहीं हैं तो फिर किसी आधार पर ग्राम न्यायालय में सरकार काम करवाएगी। केंद्र सरकार के इन्हीं गलत नीतियों के विरोध में जिले के वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। वकीलों ने कहा कि हम केंद्र सरकार की ऐसी नीतियों का हम पूर्णरूपेण विरोध करते रहेंगे।

गाजीपुर की बेटी ने दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची माउंट किलीमंजारो पर चढ़कर बनाया रिकॉर्ड

गुंजन के नाम दर्ज हुआ हाई रेंज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड

केटी न्यूज/गाजीपुर

नन्दगंज थाना क्षेत्र के रेवसा गांव निवासी राजदेव राम की पुत्री गुंजन ने हाई रेंज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर विश्व स्तर अपना नाम रोशन किया है। गुंजन को यह सम्मान दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची तंजानिया चोटी फतह कर लंबे समय तक वहां रुकने पर हासिल हुआ है। इसके साथ ही गुंजन का नाम इंडिया रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया है।

गुंजन ने बताया कि पर्वतारोहण के क्षेत्र में शुरूआती दिनों में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परिवार और गांव के लोगों का

सहयोग भी प्राप्त नहीं हुआ। दोस्तों और मार्गदर्शकों की मदद से उन्होंने जम्मू कश्मीर स्थिति ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद सबसे पहले जम्मू कश्मीर में ही 12500 फीट की ऊंचाई पर टेबल टॉप किया। इसके बाद 17907 फीट ऊंचे माउंटेन मचोई पर 11 घंटे में पहुंच सबसे कम उम्र की महिला पर्वतारोही का इंडिया रिकॉर्ड हासिल किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद उत्तराखंड में हिमालय पर्वत की चोटी केदार कंठा (12506 फिट) का पर्वतारोहण महज 3 घंटे में करते हुए इंडिया रिकॉर्ड बनाया। अभी हाल ही में 26 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची और विश्व की सबसे ऊंची चोटियों में चौथे नंबर का खिताब रखने वाली माउंट किलीमंजारो पर चढ़कर वहां 2.5 घंटे रुकने का विश्व स्तर का रिकॉर्ड बनाया है। हाई रेंज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इन्हें यंगेस्ट पर्सन ऑफ स्टे फॉर द लांगेस्ट टाइम ऑफ अफ्रीका का हाईएस्ट पीक बताया है।

मालूम हो कि बेहद मामूली परिवार की गुंजन ने अपनी लगन और कुछ कर गुजरने के जज्बे के कारण आज विश्व स्तर पर नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि शुरूआती दिनों में उसे बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पर्वतारोही गुंजन नंदगंज क्षेत्र के रेवासा गांव की रहने वाली हैं। इनके पिता राजदेव बेहद मामूली किसान हैं। माता-पिता की इकलौती संतान गुंजन की आज इस कामयाबी पर पूरे गांव के लोग बधाइयां दे रहे हैं।